भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने 43 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 में भाग लिया

नई दिल्ली, 14 नवंबर, 2024: भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार ने 43 वें भारतीय अंतररारष्ट्रीय व्यापार मेला 2024, भारत मंडपम परिसर, नई दिल्ली में भाविप्रा के स्टॉल का उद्‌घाटन किया। डॉ. एच. श्रीनिवास, सदस्य (मानव संसाधन) द्वारा अध्यक्ष को स्टाल पर उपलब्ध अनेक प्रदर्शनियों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण भी दिया। स्टाल को ' विकसित भारत@2047' की थीम पर डिज़ाइन किया गया है और यह विमानन अवसंरचना के आधुनिकीकरण और उड़ान नेटवर्क को सुव्यवस्थित करने के प्रति संगठन के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

हॉल-4 जी में स्थित स्टाल, डिजिटल पैनल और इंटरैक्टिव और डिस्प्ले स्क्रीन से सुसज्जित है, जो देश भर में विमानन अवसंरचनाओं के विस्तार को प्रदर्शित करता है। इंटरैक्टिव स्क्रीन के माध्यम से छात्रों, विभिन्न उद्योगों, सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्रों के व्यावसायिकों और आगंतुकों को रचनात्मक फ्लिप बुक, क्विज़ और उड़ान कनेक्शन प्रदर्शित किए जाएंगे।

इसके अलावा, भाविप्रा स्टॉल पर प्रदर्शित डिजिटल पैनल विमानन उद्योग को सतत् आकार देने, प्रौद्योगिकियों को उन्नत करने, इंटर्नशिप कार्यक्रमों, एफटीओ के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने और अत्याधुनिक सुविधाओं को आरंभ करने की दिशा में संगठन के प्रयासों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 14 नवंबर से 27 नवंबर, 2024 तक इस भव्य आयोजन में शामिल होने में गौरवान्वित है जहां आगंतुक भारत के विमानन परिदृश्य में भाविप्रा के प्रमुख योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 20/2024-25

श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, एएआई 43 वें आईआईटीएफ 2024 में भाविप्रा स्टॉल का उद्‌घाटन करते हुए

उपयोगी सामग्री प्रदर्शित करने वाला इंटरैक्टिव डिस्प्ले

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
AAI-Propelling
ViksitBharat@ 2047
Pillar 13

FOOD COURT
TOILET
EXIT
AAI - Managing and Controlling entire Indian Airspace
AAI - Dedicated to integrated development of Airports Infrastructure & Air Traffic Management in the country
Functions of AAI
Airports Authority of India at a glance